# पुरी की तर्ज पर निकली भव्य भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** इस वर्ष भी शहर में भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा पुरी की तर्ज पर श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ निकाली गई। जगदीश मंदिर परमार क्षत्रिय समाज ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित इस ऐतिहासिक रथ यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के रथ को रस्सियों से खींचकर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूरे शहर में जय जगन्नाथ के जयघोष गूंजते रहे। इस साल रथ यात्रा शहर के छावनी के प्रमुख मार्गों पर निकाली गई थी, यात्रा में बड़ी संख्या में मातृशक्ति के अलावा पुरुष और युवा शामिल थे। रथ के पूर्व मंदिर परिसर में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा, 108 संत दुर्गाप्रसाद कटारे, केबिनेट मंत्री करण सिंह वर्मा, मंत्री इंदर स्रिंह परमार, विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, जसपाल अरोरा, सन्नी महाजन के अलावा परमार समाज के प्रांतीय अध्यक्ष सुरज सिंह, चंदर सिंह मंडलोई, मांगीलाल परमार, चल समारोह के अध्यक्ष भंवरलाल परमार आदि का स्वागत समाज के तुलसीराम पटेल, सुरेश गब्बर परमार, जेपी परमार, शिव परमार, विष्णु परमार, कमल पटेल, मुकेश परमार, भगीरथ परमार, हरीश परमार, अनारसिंह परमार, देवनारायण परमार, दशरथ सिंह परमार, भगवान सिंह परमार, मनोहर परमार, लखन परमार, महेंद्र परमार, विक्रम परमार, लक्ष्मीनाराणय, रुप सिंह, महेन्द्र सिंह, बाबूलाल आदि ने स्वागत किया।

रथ यात्रा का शुभारंभ प्रात:काल जगदीश मंदिर, छावनी में भगवान की महाआरती एवं विशेष पूजन के साथ हुआ। इसके बाद सुसज्जित रथ यात्रा नमक चौराहा, बड़ा बाजार, कोतवाली चौराहा, आनंद डेयरी चौराहा सहित विभिन्न प्रमुख मार्गों से होती हुई स्वर्णकार मांगलिक भवन पहुंची। इस संबंध में जानकारी देते हुए समाज के तुलसीराम पटेल, सुरेश गब्बर परमार, जेपी परमार, शिव परमार, विष्णु परमार ने बताया कि यात्रा के दौरान शहर के विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संगठनों, धार्मिक संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों द्वारा श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। जगह-जगह शीतल पेय एवं प्रसादी की भी व्यवस्था की गई। रथ यात्रा में उमड़ी भारी भीड़ के कारण कई प्रमुख मार्गों पर लगभग तीन घंटे तक यातायात प्रभावित रहा, जिसे नियंत्रित करने के लिए पुलिस एवं प्रशासन मुस्तैद रहा। ऐतिहासिक चल समारोह में दिल्ली से आए कलाकारों ने आकर्षक धार्मिक एवं सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

## गंजबासौदा में धूमधाम से जयकारों के बीच खीचा भगवान जगन्नाथ का रथ

**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** नगर में गुरुवार को भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा श्रद्धा और उल्लास के साथ निकाली गई। हजारों श्रद्धालु जय जगन्नाथ के जयघोष के बीच रथ के साथ शामिल हुए। शहर के प्रमुख मार्गों पर जगह-जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। रथयात्रा बेत्रवती घाट स्थित नौलखी मंदिर से प्रारंभ होकर राजेंद्र नगर, गांधी चौक, सावरकर चौक, विजय टॉकीज, हनुमान चौक, जयस्तंभ चौक, नेहरू चौक और रेलवे स्टेशन होते हुए पुन: नौलखी मंदिर पहुंची। पूरे मार्ग पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही।

यात्रा में ढोल-नगाड़े, बैंड-बाजे, भजन-कीर्तन और आतिशबाजी ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। अखाड़ों के पहलवानों ने शस्त्र प्रदर्शन कर आकर्षण का केंद्र बने। श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ भगवान जगन्नाथ के जयकारे लगाते हुए रथ को खींचते नजर आए। शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर सामाजिक संगठनों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए खीर, मालपुआ, हलवा और अन्य प्रसाद का वितरण किया गया। रथयात्रा के दौरान पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए थे। वहीं वेदनखेड़ी मंदिर से भी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई, जो तिरंगा चौक, सिरोंज चौराहा और गांधी चौक से होते हुए नगर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण कर सावरकर चौक स्थित मंदिर पहुंची।

## इस्कॉन और खाती समाज की रथयात्राओं में उमड़ा आस्था का सैलाब

**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः** बाबा महाकाल की नगरी आज अलौकिक भक्ति के रंग में सराबोर नजर आई। शहर में जहां एक ओर इस्कॉन मंदिर की 19वीं भव्य जगन्नाथ रथयात्रा ने सड़कों पर जनसैलाब उमड़ा दिया, वहीं दूसरी ओर कार्तिक चौक स्थित प्राचीन जगदीश मंदिर से खाती समाज की 100 साल पुरानी पारंपरिक रथयात्रा ने इतिहास और आस्था का अद्भुत मिलन कराया। सुबह से ही शहर के मुख्य मार्ग प्रभु के जयकारों और कीर्तन की धुनों से गुंजायमान हो उठे थे, जिससे वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक हो गया था।

इस्कॉन मंदिर की भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा जब इंदिरा नगर चौराहे से रवाना हुई, तो प्रभु के तीन विशाल रथों को खींचने के लिए भक्तों में गजब का उत्साह देखा गया। इस्कॉन मंदिर के पीआरओ राघव पंडित दास ने बताया कि इस बार रथयात्रा का मार्ग और भव्यता पिछले सभी वर्षों के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए एक नई ऊंचाई पर पहुंच गई है। परंपरा के अनुसार, सोने की झाड़ू से मार्ग की सफाई की गई और फूलों की वर्षा के बीच जब रथ आगे बढ़ा, तो श्रद्धालु प्रभु की एक झलक पाने को व्याकुल दिखे और भगवान जगन्नाथ के जयकारे लगाते रहे।

इस धार्मिक आयोजन की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि रथयात्रा की मुख्य अतिथि निगम सभापति कलावती यादव ने इसे उज्जैन की सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि जगन्नाथ पुरी की तर्ज पर धर्मनगरी में निकल रही यह रथयात्रा उज्जैन की पहचान को और अधिक गौरवशाली बना रही है। आगर रोड से देवास रोड स्थित महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ तक निकली यह यात्रा भक्ति और अनुशासन का एक अनूठा उदाहरण पेश कर रही थी।

बीजेपी के वरिष्ठ नेता लोकेंद्र मेहता ने इस रथयात्रा के दौरान भक्तों के विशाल हुजूम और उनके जोश को अद्वितीय करार दिया। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में भक्तों का एकत्रित होना प्रभु के प्रति अटूट आस्था को दर्शाता है। वहीं, खाती समाज की पारंपरिक यात्रा में भी लोगों का तांता लगा रहा, जिसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी शामिल होकर आशीर्वाद लिया और सामाजिक समरसता का बड़ा संदेश दिया।

## कलेक्टर ने शा. आदर्श महाविद्यालय का किया आकस्मिक निरीक्षण

**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने समीपी जम्बार बागरी स्थित शासकीय आदर्श महाविद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। महाविद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति, शिक्षण व्यवस्था, परिसर की साफ-सफाई, अनुशासन, अभिलेखों के संधारण तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। परिसर में स्वच्छता, नियमित कक्षाओं के संचालन, विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा शासन के निर्देशों के अनुरूप सभी व्यवस्थाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने पर विशेष जोर दिया।

### पोर्टल बंद होने से स्वरोजगार ऋण योजनाओं के आवेदन अटके

**पीथमपुर।** प्रधानमंत्री स्वरोजगार से जुड़ी ऋण योजनाओं के तहत आवेदन प्रक्रिया प्रभावित होने से हितग्राहियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आवेदन लंबित होने के कारण लोग लगातार बैंकों के चक्कर लगा रहे हैं। जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री स्व-सहायता ऋण योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को स्वरोजगार के लिए 15 हजार, 30 हजार एवं 50 हजार रुपये तक की सहायता उपलब्ध कराई जाती है। योजना के तहत नगरीय निकाय विभाग नोडल एजेंसी के रूप में आवेदनों का परीक्षण कर उन्हें संबंधित बैंकों को भेजता है। हितग्राहियों का कहना है कि पिछले करीब एक माह से आवेदन प्रक्रिया ठप है। उनका आरोप है कि राज्य शासन से संबंधित पोर्टल बंद होने के कारण नए आवेदन स्वीकृत नहीं हो पा रहे हैं।

## भैरूंदा से पहली बार निकली खाटू श्याम निशान पदयात्रा, 90 श्रद्धालु पैदल हुए रवाना

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः** श्री श्याम मंदिर समिति, गोकुल धाम कॉलोनी के तत्वावधान में बुधवार को भैरूंदा से पहली बार खाटू श्याम निशान पदयात्रा निकाली गई। विधि-विधान से पूजा-अर्चना और निशान पूजन के बाद 90 श्रद्धालु राजस्थान स्थित खाटू श्याम धाम के लिए करीब 600 किलोमीटर की पैदल यात्रा पर रवाना हुए।

यात्रा शुरू होने से पहले मंदिर परिसर में बाबा श्याम का विशेष श्रृंगार, आरती और पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद 'जय श्री श्याम' के जयघोष और भजनों के बीच श्रद्धालु नगर के प्रमुख मार्गों से होकर आगे बढ़े। यात्रा के दौरान भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिला। समिति के

पदाधिकारियों ने बताया कि यात्रा पूरी तरह नि:शुल्क है। रास्ते में श्रद्धालुओं के लिए भोजन, विश्राम, चिकित्सा और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। विभिन्न स्थानों पर पड़ाव भी निर्धारित किए गए हैं।

नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों, व्यापारियों और नागरिकों ने पदयात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं को माला पहनाकर सम्मानित किया गया तथा पेयजल और स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। पदयात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सीहोर नाका मार्ग की ओर रवाना हुई। समिति ने नागरिकों से यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन करने की अपील की। समिति का कहना है कि भैरूंदा से पहली बार निकली यह निशान पदयात्रा नगर में नई धार्मिक परंपरा की शुरुआत है।

## सीएमओ को सड़क के गड्ढे तत्काल भरने के दिए निर्देश

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित एवं सुगम बनाने तथा सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों की समीक्षा की गई। बैठक में एसपी सोनाक्षी सक्सेना ने भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने जिले की सड़कों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने सड़कों के गड्ढों की मरम्मत नहीं होने पर नगर पालिका सीहोर के सीएमओ को फटकार लगाते हुए तत्काल गड्ढे भरने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क की खराब स्थिति दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बनती है, इसलिए इसमें

किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कलेक्टर ने सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को प्रधानमंत्री राहत योजना के तहत उपलब्ध कराई जा रही कैशलेस उपचार सुविधा का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के बाद पात्र घायलों को निर्धारित प्रावधानों के अनुसार त्वरित उपचार उपलब्ध कराया जाए तथा मृतक एवं घायलों को मिलने वाली राहत राशि के प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण किया जाए।

बैठक में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमित चालानी कार्रवाई, गंभीर मामलों में ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई, दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट्स के सुधार, ओवरस्पीडिंग पर प्रभावी नियंत्रण तथा हाईवे पर नियमित निगरानी के निर्देश दिए गए। साथ ही राहवीर योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाने वाले नागरिकों को प्रोत्साहन राशि देने की व्यवस्था का व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर भी जोर दिया गया। कलेक्टर और एसपी ने अधिकारियों को सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाने, यातायात बाधित करने वाले अतिक्रमण हटाने तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। बैठक में वन मंडलाधिकारी अर्चना पटेल, ईपीडब्ल्यूडी के बीएल अहिरवार, यातायात प्रभारी बृजमोहन धाकड़ सहित अन्य अधिकारी अधिकारी उपस्थित थे।

## चाकू से जानलेवा हमला करने वाला आरोपित दो घंटे में गिरफ्तार

**नईदुनिया प्रतिनिधि, बरेलीः** नगर के खिरिया मोहल्ला निवासी एक युवक पर पुरानी रंजिश के चलते चाकू से जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित को घटना के महज दो घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया है।

पुलिस के अनुसार खिरिया मोहल्ला निवासी इमरान खान ने 15 जुलाई को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। शिकायत में बताया कि दोपहर करीब 1:30 बजे नवेद खान ने पुरानी रंजिश के चलते उसे जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला किया। बचाव के दौरान इमरान की दो उंगलियां गंभीर रूप से कट गईं। आरोप है कि घटना के दौरान आरोपित ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध हत्या के प्रयास, धमकी तथा अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया। रिपोर्ट दर्ज होते ही पुलिस ने विशेष टीम गठित कर तलाश शुरू की और करीब दो घंटे के भीतर आरोपित नवेद खान को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी कपिल गुप्ता ने बताया कि आरोपित आदतन अपराधी है। उसके विरुद्ध पूर्व में भी शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल के सामने एक युवक पर चाकू से हमला करने का मामला दर्ज है।

## रथयात्रा के दिन दो घंटे झमाझम बारिश, किसानों के खिले चेहरे

**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** गंजबासौदा क्षेत्र में गुरुवार दोपहर करीब दो घंटे तक हुई तेज बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे। स्थानीय मान्यता के अनुसार भगवान जगदीश की रथयात्रा के दिन इंद्रदेव की कृपा अवश्य बरसती है और इस बार भी श्रद्धालुओं की आस्था के बीच झमाझम बारिश हुई।

सुबह से मौसम सामान्य बना हुआ था और बारिश के आसार कम नजर आ रहे थे, लेकिन दोपहर करीब दो बजे के बाद मूसलाधार बारिश शुरू हो गई, जो करीब दो घंटे तक जारी रही। इससे लंबे समय से बारिश का इंतजार कर रहे किसानों को बड़ी राहत मिली।

क्षेत्र में 7 जुलाई के बाद से बारिश नहीं हुई थी। इसके कारण खेतों में नमी की कमी होने से सोयाबीन की फसल प्रभावित होने

लगी थी। कृषि कार्य भी बाधित हो रहे थे, क्योंकि किसान खरपतवारनाशक दवा का छिड़काव नहीं कर पा रहे थे।

बताया गया कि 7 जुलाई तक क्षेत्र में 288 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि तक 342 मिलीमीटर बारिश हो चुकी थी। गुरुवार की बारिश से खेतों में पर्याप्त नमी आ गई है, जिससे किसान अब सोयाबीन की फसल में खरपतवारनाशक दवा का छिड़काव शुरू कर सकेंगे।

बारिश के बाद किसानों ने राहत की सांस ली और अच्छी फसल की उम्मीद जताई। वहीं रथयात्रा के दिन हुई वर्षा को लोगों ने परंपरागत आस्था से भी जोड़कर देखा।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, गौहरगंज, जिला रायसेन म.प्र.**

प्र.क्र.-0004 / अ-20(5) / कले0 / 2025-26

**// सार्वजनिक उद्घोषणा //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद औबेदुल्लागंज के द्वारा निर्धारित प्रारूप-एक पर ऑनलाइन आवेदन क्रमांक 0230030402025-APP-26288359 के माध्यम से, कस्बा औबेदुल्लागंज तहसील गौहरगंज जिला रायसेन स्थित भूमि **सर्वे क्रमांक 134/1 रकवा 4.217 हेक्टेयर में से रकवा 0.040 हेक्टेयर भूमि, दुकान निर्माण हेतु भूमि आवंटन किये जाने का निवेदन किया है।** प्रकरण कलेक्टर महोदय जिला रायसेन से जांच हेतु प्राप्त हुआ। आवेदक विभाग द्वारा प्रस्तुत उक्त आवेदन पत्र के आधार पर म.प्र. नजूल निर्वर्तन नियम 2020 के अंतर्गत कार्यवाही इस न्यायालय में प्रचलित है।

अतः उक्त आवेदित भूमि के हस्तांतरण/आवंटन के संबंध में कोई व्यक्ति/विभाग/संस्था को दावा, आपत्ति या कोई सुझाव प्रस्तुत करना हो तो वह इस उद्घोषणा के प्रकाशन से 07 दिवस की समयावधि में स्वयं या अपने अभिकर्ता या अपने अधिवक्ता के माध्यम से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के निरवर्तन उपरांत प्राप्त दावा, आपत्ति या सुझाव पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक - 13/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी।

(चंद्रशेखर श्रीवास्तव)
अनुविभागीय अधिकारी (रा0)
गौहरगंज, जिला रायसेन



**पश्चिम मध्य रेल**

**इंजीनियरिंग विभाग, खुली निविदा**

निम्नलिखित कार्य के ई पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती (कार्य) मंडल रेल प्रबंधक (समन्वय) निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता है। निविदा सूचना क्रमांकः डी.आर.एम डब्ल्यू–जे.बी.पी–119–2026 दिनांक– 07.07.2026, कार्य का नाम लोकेशन सहितः वरिष्ठ मंडल अभियंता (दक्षिण) जबलपुर के क्षेत्राधिकार अंतर्गत दो विविध कार्य– पार्ट 1. सहायक मंडल अभियंता पिपरिया उप मंडल के तहत पिपरिया में आर. पी.एफ. बैरक का अपग्रेडेशन/मॉडिफिकेशन का कार्य। पार्ट 2. सहायक मंडल अभियंता नरसिंहपुर उप मंडल के तहत सहायक मंडल अभियंता कार्यालय का निर्माण कार्य। कार्य का अनुमानित मूल्यः रूपये 1,69,18,719/–, बयाना राशिः 3,38,400/–, समापन अवधिः 12 माह, निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय15:00 बजेः 04.08.2026, निविदा खुलने की अंतिम तिथि एवं समय 15.15. बजे– 04.08.2026, निविदा सूचना क्रमांकः डी.आर.एम डब्ल्यू–जे.बी.पी–120–2026 दिनांक– 07.07.2026, कार्य का नाम लोकेशन सहितः वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (दक्षिण) जबलपुर के अधिकार क्षेत्र में रेलगाड़ियों के सुरक्षित और संतोषजनक संचालन के लिए रेलवे के पेट्रोलमैन की सहायता के लिए आईआरपीडब्ल्यूएम/एलडब्ल्यूआर मैनुअल के अनुसार या प्रभारी इंजीनियर के निर्देशानुसार (दिन/रात के समय, आवश्यकतानुसार) निर्धारित मानक के अनुसार ट्रैक के दैनिक निरीक्षण और पेट्रोलिंग के लिए उपयुक्त मानवशक्ति (निर्धारित वर्दी में) की आपूर्ति। कार्य का अनुमानित मूल्यः रूपये 1,28,75.512/–, बयाना राशिः 2,57,500/–, समापन अवधिः 12 माह, निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय15:00बजेः 04.08.2026, निविदा खुलने की अंतिम तिथि एवं समय 15.15. बजे– 04.08.2026, निविदा सूचना क्रमांकः डी.आर.एम डब्ल्यू–जे.बी.पी–121–2026 दिनांक– 08.07.2026, कार्य का नाम लोकेशन सहितः सहायक मंडल इंजीनियर, दमोह उप–मंडल के अंतर्गत असलाना में प्लेटफार्म नंबर 2 डाउन साइड को रेल स्तर/निम्न स्तर से उच्च स्तरीय प्लेटफार्म का निर्माण। (कार्य का हिस्साः– असलाना, बांदकपुर और घटेरा स्टेशनों पर 7 प्लेटफार्म को रेल स्तर/निम्न स्तर से उच्च स्तरीय प्लेटफार्म में उन्नतम करना) कार्य का अनुमानित मूल्यः रूपये 3,65,56,849/–, बयाना राशिः 731100/–, समापन अवधिः 12 माह, निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय15:00बजेः 04. 08.2026, निविदा खुलने की अंतिम तिथि एवं समय 15.15. बजे– 04.08.2026, निविदा सूचना क्रमांकः डी.आर.एम डब्ल्यू–जे.बी.पी–122–2026 दिनांक– 08.07.2026, कार्य का नाम लोकेशन सहितः सहायक मंडल इंजीनियर, दमोह सबडिविजन के अंतर्गत बांदकपुर स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर 1 और 2 की रेल स्तर/निम्न स्तार से उच्च स्तरीय प्लेटफॉर्म का निर्माण। (कार्य का हिस्साः असलाना, बांदकपुर और घटेरा स्टेशनों पर 7 प्लेटफॉर्म को रेल स्तर/निम्न स्तर से उच्च स्तरीय प्लेटफॉर्म में उन्नत करना), कार्य का अनुमानित मूल्यः रूपये 5,68,27,750/–, बयाना राशिः 113660/–, समापन अवधिः 12 माह, निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय15:00बजेः 04.08.2026, निविदा खुलने की अंतिम तिथि एवं समय 15:15 बजे– 04.08.2026, निविदा सूचना क्रमांकः डी.आर.एम डब्ल्यू–जे.बी.पी–123–2026 दिनांक– 08.07.2026, कार्य का नाम लोकेशन सहितः जबलपुर मंडल में पश्चिम, स्थितो एवं एस.ई.जे.एस आदि का पुनसाधारण रीकंडीशनिंग कार्य, कार्य का अनुमानित मूल्यः रूपये 58,47,866/–, बयाना राशिः 1,17,000/–, समापन अवधिः 12 माह, निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय15:00 बजेः 04.08.2026, निविदा खुलने की अंतिम तिथि एवं समय 15.15. बजे– 04.08.2026, निविदा सूचना क्रमांकः डी.आर.एम डब्ल्यू–जे.बी.पी–124–2026 दिनांक– 08.07.2026, कार्य का नाम लोकेशन सहितः सहायक मंडल अभियंता पिपरिया के अधीन 02 विविध कार्यः– 1. Limited height subway संख्या 243, 237 एवं 256 पर जल निकासी (ड्रेनेज) की व्यवस्था करना। 2. Limited height subway संख्या 248 पर शेड की व्यवस्था करना तथा Limited height subway संख्या 255 पर सड़क, शेड एवं जल निकासी (ड्रेनेज) की व्यवस्था करना।, कार्य का अनुमानित मूल्यः रूपये 2,31,15,710/–, बयाना राशिः 4,62,300/–, समापन अवधिः 10 माह, निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय15:00 बजेः 04.08.2026, निविदा खुलने की अंतिम तिथि एवं समय 15.15. बजे– 04.08.2026, निविदा सूचना क्रमांकः डी.आर.एम डब्ल्यू–जे.बी.पी–125–2026 दिनांक– 09.07.2026, कार्य का नाम लोकेशन सहितः मंडल इंजीनियर पूर्ण जबलपुर के अधिकार क्षेत्र में रेलगाड़ियों के सुरक्षित और संतोषजनक संचालन के लिए रेलवे के पेट्रोलगेन की सहायता के लिए आईआरपीडब्ल्यूएम/एलडब्ल्यूआर मैनुअल के अनुसार या प्रभरी इंजीनियर के निर्देशानुसार दिन/रात के समय, आवश्यकता, निर्धारित मानक के अनुसार ट्रैक के दैनिक निरीक्षण और पेट्रोलिंग के लिए उपयुक्त मानवशक्ति निर्धारित वर्दी में की आपूर्ति। कार्य का अनुमानित मूल्यः रूपये 1,23,60,492/–, बयाना राशिः 2,47,200/–, समापन अवधिः 12 माह, निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय15:00बजेः 04.08.2026, निविदा खुलने की अंतिम तिथि एवं समय 15.15.बजे – 04.08.2026, निविदा सूचना क्रमांकः डी.आर.एम डब्ल्यू–जे.बी.पी–126–2026 दिनांक– 09.07.2026, कार्य का नाम लोकेशन सहितः मंडल इंजीनियर मध्य जबलपुर के अधिकार क्षेत्र में रेलगाड़ियों के सुरक्षित और संतोषजनक संचालन के लिए रेलवे के पेट्रोलमैन की सहायता के लिए आईआरपीडब्ल्यूएम/एलडब्ल्यूआर मैनुअल के अनुसार प्रभारी इंजीनियर के निर्देशानुसार दिन/रात के समय, आवश्यकतानुसार निर्धारित मानक के अनुसार ट्रैक के दैनिक निरीक्षण और पेट्रोलिंग के लिए उपर्युक्त मानवशक्ति निर्धारित वर्दी में की आपूर्ति। कार्य का अनुमानित मूल्यः रूपये 94,76,377/–, बयाना राशिः 1,89,377/–, समापन अवधिः 12 माह, निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय 15:00: 04.08.2026, निविदा खुलने की अंतिम तिथि एवं समय 15.15. बजे– 04.08.2026, निविदा सूचना क्रमांकः डी.आर. एम डब्ल्यू–जे.बी.पी–127–2026 दिनांक– 09.07.2026, कार्य का नाम लोकेशन सहितः मंडल इंजीनियर उत्तर जबलपुर के अधिकार क्षेत्र में रेलगाड़ियों के सुरक्षित और संतोषजनक संचालन के लिए रेलवे के पेट्रोलमेन की सहायता के लिए आईआरपीडब्ल्यूएम/एलडब्ल्यूआर मैनुअल के अनुसार या प्रभारी इंजीनियर के निर्देशानुसार दिन/रात के समय, आवश्यकता, निर्धारित मानक के अनुसार ट्रैक के दैनिक निरीक्षण और पेट्रोलिंग के लिए उपयुक्त मानवशक्ति निर्धारित वर्दी में की आपूर्ति। कार्य का अनुमानित मूल्यः रूपये 1,36,99,545/–, बयाना राशिः 2,74,000/–, समापन अवधिः 12 माह, निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय15:00बजेः 04.08.2026, निविदा खुलने की अंतिम तिथि एवं समय 15.15. बजे– 04.08. 2026, निविदा सूचना क्रमांकः डी.आर.एम डब्ल्यू–जे.बी.पी–128–2026 दिनांक– 09.07.2026, कार्य का नाम लोकेशन सहितः वरिष्ठ मंडल इंजीनियर पश्चिम जबलपुर के अधिकार क्षेत्र में रेलगाड़ियों के सुरक्षित और संतोषजनक संचालन के लिए रेलवे के पेट्रोलमेन की सहायता के लिए आईआरपीडब्ल्यूएम/एलडब्ल्यूआर मैनुअल के अनुसार या प्रभरी इंजीनियर के निर्देशानुसार दिन/रात के समय, आवश्यकता, निर्धारित मानक के अनुसार ट्रैक के दैनिक निरीक्षण और पेट्रोलिंग के लिए उपयुक्त मानवशक्ति निर्धारित वर्दी में की आपूर्ति। कार्य का अनुमानित मूल्यः रूपये 1,90,55,759/–, बयाना राशिः 381100/–, समापन अवधिः 12 माह, निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय15:00बजेः 04.08.2026, निविदा खुलने की अंतिम तिथि एवं समय 15.15. बजे– 04.08.2026, निविदा सूचना क्रमांकः डी.आर.एम डब्ल्यू–जे.बी. पी–129–2026 दिनांक– 10.07.2026, कार्य का नाम लोकेशन सहितः सहायक मंडल अभियंता उत्तर सतना उप–मंडल के अधिकार क्षेत्र में जैतवारा स्टेशन पर रेल स्तर/निम्न स्तर से उच्च स्तरीय प्लेटफॉर्म का निर्माण। कार्य का भागः झुकेही, जैतवारा एवं टिकरिया स्टेशनों पर कुल 06 प्लेटफॉर्मों को रेल स्तर/निम्न स्तर से उच्च स्तरीय प्लेटफॉर्म में उन्नत करना। कार्य का अनुमानित मूल्यः रूपये 4,66,66,427/–, बयाना राशिः 9,33,300/–, समापन अवधिः 12 माह, निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय15:00: 04.08.2026, निविदा खुलने की अंतिम तिथि एवं समय 15.15. बजे– 04.08.2026, उपरोक्त ई निविदा संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय पश्चिम मध्य कार्य रेलवे जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई–निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नही की जायेगी।

(हस्ता)
मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर